राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध भारतीय पार्श्वगायक श्री एस॰पी॰ बालासुब्रह्मण्यम के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 25 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'पद्मश्री' एवं 'पद्मभूषण' प्राप्त सुप्रसिद्ध भारतीय पार्श्व गायक, संगीत निर्देशक एवं फिल्म निर्माता श्री एस॰पी॰ बालासुब्रह्मण्यम के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि श्री एस॰पी॰ बालासुब्रह्मण्यम जी ने राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कई महत्वपूर्ण पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किये थे। उन्होंने हिन्दी, तमिल, तेलगू, कन्नड़ सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं के चालीस हजार से अधिक मार्मिक एवं लोकप्रिय गीत गाये थे। उनके निधन से भारतीय सांस्कृतिक एवं संगीत जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....